प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 23.11.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 23.11.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।



**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 23.11.2024**

# महोबा पुलिस


**मीडिया सेल, महोबा**

- **मिशन शक्ति के विशेष अभियान फेज-05 के तहत कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं...बालिकाओं को महोबा पुलिस द्वारा किया जागरुक/**
- **समस्त महिला बीटों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओं का किया गया निस्तारण...**
- **महिलाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर किया जा रहा है महिलाओं का सशक्तिकरण...**

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 23.11.2024 को जनपद महोबा के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जनजागरुकता अभियान चलाया गया तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया गया।

साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर - वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया गया।









## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस लाइन में पुलिस झण्डा फहराकर पुलिसकर्मियों के साथ दी गई सलामी। साथ ही जनपदीय पुलिस के सभी थानों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया पुलिस झण्डा दिवस।

आज दिनांक 23.11.2024 को जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के नेतृत्व में रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस झंडा दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस लाइन अवस्थित क्वार्टर गार्द में सलामी ली गयी और पुलिस ध्वज को सम्मानपूर्वक फहराया गया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा उपस्थित पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण को संबोधित करते हुए पुलिस झंडा दिवस का महत्व बताया गया। साथ ही पुलिस बल को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण का महत्व बताते हुए पुलिस कर्मियों को पुलिस झंडा दिवस के प्रतीक चिह्न (पुलिस फ्लैग स्टीकर) लगाया गया। अपने संदेश में कहा कि पुलिस ध्वज हमारी कर्तव्यपरायणता, अनुशासन और सेवा की भावना का प्रतीक है, जिसे हमें सदैव गर्व के साथ धारण करना चाहिए, समस्त पुलिस बल को नागरिकों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाने और पुलिस विभाग की गरिमा को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह, प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवकुमार सहित पुलिस कार्यालय एवं पुलिस लाइन में नियुक्त अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

इसी क्रम में जनपद के सभी थानों में सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में पुलिस झण्डे को सलामी देकर पुलिस झण्डा दिवस मनाया गया।








प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 23.11.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा
उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा संयुक्त रुप से थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनपद के थाना कबरई व थाना खन्ना में मौजूद रहकर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया, प्राप्त हुयी शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किए जाने हेतु सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक निर्देश-

आज दिनांकः- 23.11.2024 को जिलाधिकारी महोबा, श्री मृदुल चौधरी व पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा संयुक्त रूप से थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनपद महोबा के थाना कबरई व थाना खन्ना में मौजूद रहकर क्षेत्र से आये हुए फरियादियों से सम्बन्धित समस्याओं की जनसुनवाई की गई। जिसके क्रम में फरियादियों को आश्वस्त कर उनकी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किये जाने हेतु मौजूद राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित करते हुये मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना कुलपहाड़ में अपर जिलाधिकारी (वि/रा) श्री राम प्रकाश, उपजिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ की मौजूदगी में जनसमस्यों की सुनवाई की गयी।

थाना समाधान दिवस के अवसर पर क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकांत गोंड द्वारा थाना चरखारी में मौजूद रहकर जनसुनवाई की गयी साथ ही जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा राजस्व विभाग के साथ संयुक्त रुप से अपने-अपने थाने पर थाना समाधान दिवस का आयोजन कर जनता की समस्याओं को सुना गया तथा प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच करते हुए उनके त्वरित व विधिक निस्तारण हेतु संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण किया/कराया जा रहा है।








महाकुम्भ प्रयागराज 2025

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 23.11.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

## यातायात माह नवंबर के तहत यातायात पुलिस टीम द्वारा रॉयल पब्लिक हाईस्कूल में यातायात जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया, विभिन्न जागरुकता कार्यक्रमों का प्रदर्शन कर छात्रों को यातायात नियमों का पढ़ाया गया पाठ-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी रोकथाम के लिए चलाये जा रहे यातायात माह नवंबर के तहत यातायात जागरुकता कार्यक्रमों की श्रृंखला के क्रम में आज दिनांक- 23.11.2024 को प्रभारी यातायात महोबा श्री सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्रअन्तर्गत नगर क्षेत्र स्थित रॉयल पब्लिक हाई स्कूल में छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों के बीच सड़क सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। जागरुकता कार्यशाला में अध्यरनरत छात्रों ने यातायात जागरुकता के सम्बन्ध में अपने अभिनय से विभिन्न क्रियाकलापों/नाटक का प्रदर्शन कर छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जागरुकता पर जोर देते हुए उनके महत्व को बताया गया।

प्रभारी यातायात सुनील कुमार सिंह ने सभी को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए बताया कि सड़क पर वाहन चलाने से पहले सभी यातायात सुरक्षा सम्बन्धी बातों का ध्यान रखें, हमेशा सड़क के दोनो ओर देख कर की सड़क को पार करें, दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चलाते समय शीट बेल्ट का प्रयोग करें, ध्यान रहे इस दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करें। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें। इस जागरुकता कार्यशाला में मौजूद सभी को इन नियमों का पालन किये व कराये जाने की अपील की गई एवं ट्रैफिक नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित कर जागरुकता पम्पलेट्स का वितरण किया गया एवं यातायात नियमों का पालन किये जाने हेतु शपथ दिलाई गई साथ ही यातायात नियमों के प्रति जागरुकता हेतु स्कूली वाहनों में पम्पलेट्स चस्पा किये गये।

इस दौरान रॉयल पब्लिक हाईस्कूल में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं एवं सम्मानित शिक्षकगण मौजूद रहे।









